# DAYANAND COLLEGE, HISAR

## Accredited with A grade By NAAC, Banglore

(Governed by DAV College Managing Committee, New Delhi)
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra

ओ३म्

# PROSPECTUS



Principal
Dayanand College
HISAR

## खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा

छात्र-छात्राओं के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास में उनमें स्फूर्ति उत्साह एवं भ्रातृत्व एवं मैत्री-भावना के विकास हेतु खेलकूदों का आयोजन परम आवश्यक है। डी.ए.वी. की परम्परा के अनुरूप हमारे कॉलेज ने शिक्षा के साथ खेलकूद के महत्व को जीवित रखने के लिए सदैव ध्यान दिया है। स्वास्थ्य एवं शरीर सम्बन्धित सभी प्रकार की गतिविधियों, खेलों एवं समुदाय खेलों आदि का शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में विस्तृत प्रबन्ध है। कॉलेज के विशाल क्रीड़ा स्थल कॉलेज की भव्यता है।

## खेलकूद गतिविधियां

- कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की किसी भी स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को क्रमशः 300/-, 250/- तथा 200/- प्रति स्पर्धा दिए जाएंगे।
- वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 2100/- नकद (महिला व पुरुष) दिए जाएंगे।



Principal
Dayanand College
HISAR

- कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय/आंचलिक स्तर (जोनल) गतिविधियों में प्रथम स्थान वाले विद्यार्थी को 500/- रूपए पुरस्कार दिया जाएगा।
- विश्वद्यालय स्तर की किसी भी स्पर्धा में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक धारक को 1100/-, 1000/- तथा 900/- रूपए पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।
- अन्तविश्वविद्यलय या उत्तर भारतीय स्तर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक पाने वाले विद्यार्थी को क्रमश: 1600/-, 1500/- तथा 1400/- रूपए पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।
- अखिल भारतीय स्तर पर किसी भी स्पर्धा में स्वर्ण रजत व कांस्य पदक पाने वाला विद्यार्थी 8000/-, 7500/- तथा 7000 रूपए नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।
- किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थी को कॉलेज द्वारा 5100/- रूपए सम्मान के रूप में दिए जाएंगे।

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां

सांस्कृतिक गतिविधियां कॉलेज के क्रिया-कलापों का प्रतिबिम्ब है। सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का एक अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है। सांस्कृतिक गतिविधियों को हर वर्ष नए आयाम स्थापित किए जाते हैं। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी महत्त्व दिया जाता है। जिससे छात्रों के व्यक्तिगत का सर्वांगीण विकास हो सके। सांस्कृतिक-विभाग द्वारा कॉलेज में सामाजिक-साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। प्राचार्य के सुनिर्देशन एवं डीन की अध्यक्षता में यह विभाग सचिव एवं सह-सचिव की सहायता से कार्य करता है। विभिन्न विषयगत सोसाइटियां विभिन्न प्राध्यापकों के निर्देशनों में कार्य करती हैं। समय-समय पर संभाषण, वाद-विवाद, संगीत-नाट्य, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं, भ्रमण एवं उल्लास विहार का आयोजन किया जाता है। कॉलेजा में सभी सोसाइटियां प्राचार्य की अनुमति से बनाई जाएगी।

- संविधान में परिवर्तन के लिए प्राचार्य की अनुमति अनिवार्य है।
- प्राचार्य द्वारा एक प्राध्यापक को सासाइटी का इंचार्ज नियुक्त किया जायेगा।
- प्राध्यापक इंचार्ज सोसाइटी को सहज एवं दक्षरूप से चलाने के लिए छात्रों को निर्देशित करेगा।
- सोसाइटी द्वारा आयोजित सभी सामाजिक आयोजन एवं सम्बोधित व्याख्यान जोकि कॉलेज विद्यार्थी या स्टाफ सदस्य के अतिरिक्त सम्बोधित किए जाने हैं कि अनुमति इंचार्ज द्वारा प्राचार्य से लेनी अनिवार्य है।

## सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बन्धित पुरस्कार

- सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थी को 'सम्मान पदाक' दिया जाएगा तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहने पर क्रमश: 11000/-, 10000/- व 9000/- रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 5100/- रूपए पुरस्कार में दिए जाएंगे।
- राष्ट्रीय/अन्तर्विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 'सम्मान पदक' दिया जाएगा तथा व्यक्तिगत रूप से प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को क्रमश: 1000/- तथा 700/- रुपये दिए जाएंगे अथवा समान राशि का पुरस्कार दिया जाएगा। सामूहिक रूप से प्रथम तथा द्वितीय आने वाली टीम के प्रत्येक प्रतिभागी को क्रमश: 250/- तथा 200/- के मूल्य का पुरस्कार दिया जाएगा।
- यदि कोई विद्यार्थी लगातार पिछले तीन वर्षों में अन्तर्क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम अथवा द्वितीय स्थान प्राप्त करता/करती रही है उसे Roll of Honour तथा 750/- नकद पुरस्कार दिया जायेगा।
- यदि कोई विद्यार्थी लगातार पिछले तीन सालों में क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करता/करती रही है उसे 500/- का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।
- राज्य स्तरीय व अन्तर्क्षेत्रीय युवा महोत्सव में व्यक्तिगत रूप में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को सम्मान पदक तथा 500/- रुपये तथा द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज कलर तथा 400/- रुपये प्रदान किए जाएंगे। सामूहिक रूप से प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को सम्मान पदक तथा प्रति विद्यार्थी 200/- रुपये तथा द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज कलर तथा 150/- रुपये प्रति विद्यार्थी दिए जाएंगे।
- क्षेत्रीय युवा महोत्सव में व्यक्तिगत रूप से प्रथम पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज कलर व 200/- रुपये तथा द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज स्मृति चिह्न व 150/- रुपये दिए जाएंगे। सामूहिक स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज कलर व 100/- रुपये प्रति विद्यार्थी द्वितीय पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी को कॉलेज स्मृति चिह्न व 75/- रुपये प्रदान किए जाएंगे।
- अन्तर्महाविद्यालय व महाविद्यालय स्तर की गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को अंकों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।




**अंकों के आधार पर पुरस्कार मूल्य निम्न प्रकार होगा**

| क्रम | अंक | पुरस्कार |
|---|---|---|
| 1. | 150 से अधिक | सम्मान पदक |
| 2. | 101-150 | 150/- |
| 3. | 81-100 | 125/- |
| 4. | 61-80 | 100/- |
| 5. | 41-60 | 75/- |
| 6. | 21-40 | 50/- |
| 7. | 0-20 | 30/- |



Principal
Dayanand College.
HISAR